卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 351 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦29 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया


darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444262
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ज्वेलर्स लूटकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, 25 किलो सोना बरामद

### छत्तीसगढ़ पुलिस ने दबोचे राजधानी दिल्ली में हुई करीब 25 करोड़ की सबसे बड़ी चोरी के आरोपी

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ पुलिस ने शातिर चोर लोकेश श्रीवास और उसके साथी शिवा चंद्रवंशी को 25 किलो सोने के साथ पकड़ा है। पुलिस को लोकेश श्रीवास के पास से 25 किलो सोना के अलावा नगदी और अन्य जेवरात भी बरामद हुए हैं। दुर्ग पुलिस ने लोकेश को कोहका से हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि चोरी का यह संपूर्ण माल दिल्ली में हुई चोरी का है। लोकेश की बिलासपुर एवं राजनांदगांव पुलिस को भी तलाश थी। इसके पूर्व भी लोकेश श्रीवास को दुर्ग पुलिस ने आकाशगंगा में पारख ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में शत प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी। फिलहाल दुर्ग पुलिस लोकेश श्रीवास से अन्य मामले की पूछताछ कर रही है।आरोपी लोकेश ने वर्ष 2021 में दुर्ग छत्तीसगढ़ से 40 किलो सोना चुराया था। इस मामले में मध्य प्रदेश पुलिस लोकेश व उसके साथी की तलाश कर रही थी। मध्य प्रदेश पुलिस( शेष पेज सात पर )

## घर के आंगन से मासूम बच्ची को गुलदार ने बनाया शिकार

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। अगस्त्यमुनि विकासखंड के ग्राम पंचायत गहड़ में घर के आंगन में खेल रही ढाई साल की बच्ची को गुलदार उठा ले गया। यह देखकर बच्ची की मां और ग्रामीण गुलदार के पीछे दौड़ पड़े। इसके बाद गुलदार बच्ची को झाड़ियों में छोड़कर भाग गया, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। घटना बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे की है। बताया जा रहा है कि गांव में रहने वाले विनोद कुमार की ढाई साल की बेटी मिष्ठी अपने घर के आंगन में खेल रही थी। उसकी दादी कुछ दूरी पर बैठी थी, जबकि मां अपने चार माह के बेटे के साथ कमरे में थी। इसी दौरान घात लगाकर बैठे गुलदार ने मिष्ठी पर हमला कर दिया और उसे जबड़े में दबाकर वहां से भागने लगा। दादी के शोर मचाने पर बच्ची की मां ने गुलदार के पीछे दौड़ लगा दी। यह देख खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भी शोर मचाते हुए पीछे दौड़े तो गुलदार करीब 500 मीटर दूर झाड़ियों में मिष्ठी को छोड़ कर भाग गया। लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। गुलदार के हमले से बच्ची की मौत की सूचना पर जिला प्रशासन व वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई। प्रधान ताजू गुंसाई, यशवंत ने बताया कि यह गांव में पहली घटना है। उन्होंने जिला प्रशासन से गांव में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।



## पुलिस को जनता के प्रति जिम्मेवार बनाना प्राथमिकता: योगेंद्र रावत

### डीआईजी ने प्रेस वार्ता में गिनाई प्राथमिकतायें,समस्याओं का होगा समाधान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस कर्मियों को आम जनता के प्रति जिम्मेवार बनाना प्राथमिकता रहेगी। यह बात पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डा. योगेंद्र रावत द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक कैम्प कार्यालय में प्रथम बार पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण तो पुलिस का कार्य है ही किन्तु उनकी प्राथमिकता रहेगी की रिस्पान्सिब पुलिसिंग, पुलिस का जनता के प्रति व्यवहार कैसा है, उनकी समस्याओं को किस प्रकार सुना जा रहा है, उनकी समस्याओं का निराकरण हो रहा है या नहीं, निकारण कितने समय में हुआ यदि समस्या का समाधान समय से नहीं हुआ तो उसका कोई फायदा नहीं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगा हुआ है। जिसके कारण कुमायूं में भी नशे की समस्या है। नशे से निपटने के लिए पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। प्रदेश में गैंगस्टर के तहत नशे के कारोबारियों की सम्पत्ति भी जब्त की जा रही है। किन्तु नशे से निपटने के लिए संयुक्त रुप से प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। जैसे माता पिता( शेष पेज सात पर )



## जेसीबी लदा ट्रेलर वाहन गहरी खाई में गिरा, ऑपरेटर की मौत

देवप्रयाग। ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बछेलीखाल के निकट जेसीबी मशीन ला रहा ट्रेलर वाहन गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में जेसीबी ऑपरेटर की मौके पर ही मौत हो गई। देवप्रयाग थाना इंस्पेक्टर देवराज शर्मा ने बताया ट्रेलर वाहन जेसीबी मशीन को लेकर ऋषिकेश से गौचर के लिए चला था।बछेलीखाल के निकट धौल धार में ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा, जिसमें ट्रेलर चालक बृजपाल पुत्र बलवंत सिंह रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल छिटककर बाहर गिरने से जान बच गई। दुर्घटना की सूचना पर चौकी प्रभारी बछेलीखाल रविंद्र डोभाल व एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुँची। चालक बलवंत सिंह ने बताया कि ट्रेलर में जेसीबी ऑपरेटर भी सवार था। जिसके बाद जेसीबी ऑपरेटर की रात में तलाशी की गई, मगर वह नहीं मिल पाया। शुक्रवार सुबह उसकी दोबारा खोज की गयी जिसमें आपरेटर का शव यहां गहरी खाई से मिला। मृतक की पहचान मनोज निवासी लोहाघाट चंपावत के रूप में की गई। पुलिस द्वारा शव को गहरी खाई से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए ऋषिकेश भेजा गया।



## बदमाशों ने घर लौटते युवक से नगदी और मोबाईल लूटा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर में शातिर बदमाशों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुरादाबाद से बस से आकर पैदल घर लौट रहे युवक को मार्ग में रम्पुरा चौकी के समीप अज्ञात बदमाशों ने रोक कर उससे मारपीट कर उसके पास से हजारों की नगदी, मोबाईल तथा अन्य सामान लूट लिया। बदमाश युवक को बंधक बनाकर झाड़ियों में ले जाकर फेंककर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर सौंप दी है।दूधियानगर वार्ड 13 निवासी बलवीर मौर्य पुत्र रामलाल ने तहरीर में कहा है कि 26 सितंबर की रात बिलारी मुरादाबाद से वापस रूद्रपुर रोडवेज स्टेशन पहुंचा। सवारी नही मिलने के कारण वह पैदल ही अपने घर की ओर चल पड़ा। रात्रि करीब एक बजे जैसे ही वह रम्पुरा चौकी और कुष्ठ आश्रम से आगे ट्रंचिंग ग्राउन्ड की ओर बढ़ा।अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया और उसको झाड़ियों में मारपीट( शेष पेज सात पर )

## जंगल में मृत मिले 16 बंदर वन विभाग में मचा हड़कंप

डोईवाला। देहरादून-हरिद्वार हाईवे पर बृहस्पतिवार को मनी माई मंदिर के जंगल में संदिग्ध अवस्था में दर्जन भर से ज्यादा बंदर मृत मिले। प्रथम( शेष पेज 7 पर )



## महिला को रुपयों का लालच देकर 5.48 लाख रूपये ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक महिला को रुपयों का लालच देकर उससे 5.48 लाख रुपए ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। साइबर सेल में धोखाधडी की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शशाँक मित्तल पुत्र बृजमोहन अग्रवाल निवासी उत्तरायणी आवासीय कालोनी, रूद्रपुर ने कहा है कि उसकी पत्नी द्वारा टेलीग्राम एप्लीकेशन मे एक आनलाईन ग्रुप जाईन किया गया। जिसमे उसकी पत्नी को रुपयो का लालच देकर एक यूजर आईडी बनाने के लिये 11300 रुपये जमा कराये गये। जिसके उपरान्त एक यूआईडी बनायी गयी तथा आनलाईन होटल को रेटिंग करने के लालच मे 22500 रुपए और जमा कराये गये। उसका आरोप है कि यूजर आईडी अकाउन्ट मे 43400 रुपए भी दिये गये। इसके उपरान्त उसकी पत्नी को पैसो का लालच देकर 548121 रुपये अलग अलग किश्तो मे दिनांक 03 जून 2023 से 07 जून 2023 के मध्य( शेषपेज सात पर )

## आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ

गदरपुर (उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुंजन सुखीजा भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। डॉ. संजीव सरना चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने आए हुए अतिथियो एवं प्रतिभागियो का स्वागत किया गया एवं आयुष्मान स्वास्थ्य मेले से होने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिविर में आए हुए लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला अस्पताल से डॉक्टर ईश डल्ला मनोचिकित्सक, डा. रोनित ठुकराल जनरल फिजिशियन, डा. उदय शंकर नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी( शेष पेज 7 पर )



## धार्मिक जुलूसों पर रोक लगाने की मांग

### बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के वरिष्ठ एडवोकेट वह बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आरपी सिंह ने अपना एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया कि धार्मिक परंपराओं की आड़ में सामान्य तौर पर मुख्य सड़कों पर विभिन्न प्रकार के जुलूस नगर कीर्तन, जुलूसे मोहम्मदी, कलश यात्रा, राम बारात, कृष्ण जन्माष्टमी, बाल्मीकि जयंती, झंडा यात्रा, मोहर्रम के अलावा भी अन्य धर्मों संगठनों द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस या शक्ति प्रदर्शन रेलियो पर रोक लगाने की मांग अपील की है। उन्होंने कहा है कि नगर में निकाले जाने वाली रैली जुलूस या शक्ति प्रदर्शन में अराजक प्रकृति के कुछ लोग सामान्य यातायात को पूरी तरह से बाधित कर देते हैं और दो पहिया वाहनों से स्टंट भी करते हैं। जिसमें देखा जाता है कि अक्सर राहगीर एवं सामान्य जनता के लोग दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। अक्सर कुछ धार्मिक जुलूस में धार्मिक परंपरा की आड़ में गदरपुर के मुख्य बाजार में अराजकता बढ़ने की संभावना रहती है। श्री सिंह ने सुझाव देते हुए कहा है कि सभी समाज एवं स्वस्थ वातावरण के लिए जिस व्यक्ति की आस्था किसी भी जुलूस निकालने में नहीं है अथवा वह किसी अन्य धर्म से संबंध रखता है तो उसकी निजता को व्यवधान उत्पन्न नहीं होना चाहिए। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन यातायात को( शेष पेज सात पर )

# यशपाल आर्य ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

बाजपुर(उद संवाददाता)। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने 30 लाख 84 हजार रुपये की विधायक निधि के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसी गांव में एक लाख 91 हजार की लागत से बनी नाली का लोकार्पण किया। सुल्तानपुर पट्टी में 10 लाख की लागत से बनने वाली श्रीराम लीला है। किसानों को फसलों का मुआवजा तक नहीं मिला। हालांकि सीएम धामी ने भूमि प्रकरण को गंभीरता से लिया है।बाजपुर बाढ़ से निजात दिलाने के आता। इस दौरान अशोक गोयल ने सब्जी मंडी में दूसरी तरफ सीसी मार्ग निर्माण की मांग रखी, जिस पर आर्य ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहां डीके






बृहस्पतिवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने विधायक निधि से सब्जी मंडी परिसर में चार लाख 93 हजार से बनी सीसी मार्ग, गांव भजुवानगला में 14 लाख की लागत से बने तीन सीसी मार्ग, मैदान की चहारदीवारी का शिलान्यास किया गया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि मामला लटका लिए वन, सिंचाई, राजस्व की संयुक्त टीम सर्वेक्षण कर कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। नैनीताल के सांसद को पांच साल होने जा रहे हैं लेकिन बाजपुर में छोटा, बड़ा कोई काम नजर नहीं जोशी, महेश आशु, महीपाल यादव, बबली, भूपेंद्र बेदी, रामचंदर, परमजीत हांडा आदि थे। उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि ने आर्य को सम्मानित किया।

# धारचूला से आदि कैलाश भ्रमण पर जा सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 और 12 अक्तूबर को पिथौरागढ़ का दौरा प्रस्तावित है। वे वाइब्रेंट विलेज गुंजी जाकर स्थानीय लोगों से मिलेगे साथ ही नारायण आश्रम में ध्यान करेंगे। मोदी के आदि कैलाश भी जाने की चर्चा है। हालांकि अभी तक प्रधानमंत्री के पिथौरागढ़ दौरे का अधिकारिक कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। पिथौरागढ़ जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आदि कैलाश की यात्रा के लिए हेली सेवा की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए पर्यटन विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की अनुमति मिलने के बाद आदि कैलाश की यात्रा आसान होगी।अभी तक आदि कैलाश की पैदल यात्रा में कई दिनों का समय लगता है। साथ ही यात्रा काफी कठिन होती है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार का प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करने पर फोकस है। आदि कैलाश समुद्रतल से 5945 मीटर की ऊंचाई पर स्थिति है। वेद पुराणों में आदि कैलाश भगवान शिव का सबसे प्राचीन निवास स्थल के रूप में प्रचलित है। इसे कैलाश मानसरोवर की प्रतिकृति माना जाता है। पिथौरागढ़ जिले के धारचूला से आदि कैलाश की यात्रा शुरू होती है। धारचूला से तवाघाट, पांगू, नारायण आश्रम, गाला, बूंदी, गर्ब्यांग, गुंजी, कुटी गांव होते हुए अंतिम पड़ाव ज्योलिकांग है। नाभीढांग से ओम पर्वत के दर्शन होते हैं।



# भाजपा जिलाध्यक्ष और मंडी निदेशक ने किया नवीन मंडी का स्थलीय निरीक्षण, सुनी समस्याएं

गदरपुर (उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा और प्रबंध निदेशक मंडी आशीष भट्ट गई ने नवीन अनाज मंडी का स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यापारियों की समस्याओं को सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने व्यापारियों की समस्याओं को प्रबंध निदेशक मंडी आशीष भटगई के सम्मुख रखा। जिसमें किसान भवन का निर्माण, शेड का निर्माण, बिजली कनेक्शन और मंडी को हाईटेक बनाये जाने की प्रमुख मांगे रखी। वही मंडी निदेशक आशीष भटगई ने तुरंत समस्याओं का निस्तारण करते हुए घोषणा की कि जल्द ही नवीन मंडी में किसान भवन बनवाया जाएगा और शेड का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा। व्यापारियों को बिजली कनेक्शन के लिए न भागना पड़े इसके लिए बिजली कनेक्शन का कैंप भी लगाया जाएगा और जल्द ही मंडी को हाईटेक बनाने के लिए भी शासन से बात की जाएगी इस दौरान मंडी अध्यक्ष सतीश घीक, मोहन खेड़ा, सलविंदर कलसी सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।



# पैर फिसलने से खाई में गिरा युवक, मौत

मसूरी। देहरादून ओल्ड मसूरी मार्ग पर एक युवक का शव खाई में मिला। जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम को दोनों युवकों खाई में मिले। जबकि सड़क पर चार पहिया वाहन खड़ा था। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार एक युवक का पैर फिसलने से वह खाई में गिर गया, उसे बचाने के चक्कर में दूसरा युवक भी खाई में गिर गया। शुक्रवार सुबह देहरादून कंट्रोल रूम द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि ओल्ड मसूरी मार्ग, राजपुर में दो युवक खाई में गिर गए जिनके रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। इसके बाद एसडीआरएफ टीम मुख्य आरक्षी संतोष सिंह रावत टीम व रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पहुंचकर लगभग सौ मीटर नीचे खाई में उतरी और उक्त युवकों तक पहुंची। इसमें से एक युवक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो चुकी थी जबकि दूसरा घायल अवस्था में मिला। घायल को कड़ी मशक्कत करते हुए खाई से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। घायल में कपिल चौधरी (30) पुत्र ब्रजपाल, निवासी सुभाष नगर बणत शामली। मृतक विनीत चौधरी (35) पुत्र बिल्लू, निवासी सुभाष नगर बणत शामली शामिल है।

# पूर्व मुख्य सचिव एसके दास के निधन पर जताया शोक

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव सुरजीत किशोर दास का बृहस्पतिवार को देहरादून में निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे और कुछ महीने पहले ही उनमें मुंह का कैंसर पाया गया था। उनके निधन से नौकरशाही में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सोशल मीडिया पर एसके दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर रहे एसके दास उत्तराखंड सरकार के पांचवें मुख्य सचिव थे। वह एम रामचंद्रन के बाद मुख्य सचिव बने थे। वर्ष 2008 में मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग की कमान संभाली थी। वह अगस्त 2008 से फरवरी 2011 तक आयोग के अध्यक्ष रहे। अविभाजित उत्तर प्रदेश सरकार में वह देहरादून के डीएम भी रहे हैं। वह दून लाइब्रेरी एंड रिसर्च सेंटर के फाउंडर चेयरमैन भी थे। शुक्रवार को डीएलआरसी ऑडिटोरियम में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी। उनके निधन से व्यथित भारतीय प्रशासनिक सेवा संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। संघ के अध्यक्ष आनंद बर्द्धन ने कहा कि वह एक अद्भुत व्यक्ति और वरिष्ठ सहकर्मी थे। आईएएस एसोसिएशन की बिरादरी उनकी पत्नी विभा पुरी दास और परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है।



# दिल्ली की युवती प्रेमी के साथ कर रही थी देह व्यापार

हरिद्वार(उद संवाददाता)। मानव तस्करी निरोधक दस्ता (एएचटीयू) और ज्वालापुर पुलिस टीम ने देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ किया। दिल्ली की युवती और दिल्ली के ही दो युवकों को गिरफ्तार कर कब्जे से बैग, आपत्तिजनक वस्तु और 4200 रुपये की नकदी, दो मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने होटलों और अन्य स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियां होने की शिकायतें मिलने पर मानव तस्करी निरोधक दस्ता व पुलिस टीम को चेकिंग के निर्देश दिए थे। बुधवार की रात एएचटीयू और ज्वालापुर पुलिस को सूचना मिली कि रानीपुर मोड़ के पास दिल्ली से आए एक युवक-युवती देह व्यापार करा रहे हैं। व्हाट्सएप के जरिए ग्राहकों को फोटो भेजकर डील कर होटल में बुलाया जाता है। ज्वालापुर पुलिस क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा, एएचटीयू प्रभारी राकेंद्र कठैत आदि फोर्स के साथ टिबड़ी अंडरपास के पास छापा मारा। यहां पर एक ग्राहक और युवक-युवती को पकड़ लिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया, आरोपी अमन राय निवासी महिला कॉलोनी थाना गांधीनगर नई दिल्ली और डील करने आए आदिल मलिक निवासी किशन कुंज लक्ष्मी नगर दिल्ली और आनंद विहार पुरानी दिल्ली निवासी युवती को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से व्हाट्सएप चौट के साथ ही कुछ युवतियों के फोटो, मोबाइल फोन नंबर मिले हैं। पुलिस की पूछताछ में युवती ने बताया, वह अपने प्रेमी अमन राय के साथ दिल्ली से हरिद्वार आई है। अमीर बनने के चक्कर में वह देह व्यापार के धंधे में पड़ गई। अमन के कहने पर ग्राहकों को जस्ट डायल से कालिंग और व्हाट्सएप मैसेज करती थी। आदिल मलिक को डील करने के लिए ही अंडरपास के पास बुलाया था। जहां डील के बाद तीनों निकलने वाले थे। आरोपी अमन राय ने भी इस बात को स्वीकार किया है।

# बेटी का घर बिखरने का मुख्य कारण मायके की दखलअंदाजी: सुमन राय

सितारगंज (उद संवाददाता)। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राय का कहना है कि मायके पक्ष के अत्यधिक दखलंदाजी के चलते बेटियों का अपना बसा बसाया घर टूटने की कगार पर पहुंच जाता है। लड़की की शादी होते ही मायके पक्ष अपनी बेटी से हर छोटी- छोटी बात में दखलअंदाजी करते रहते हैं जिससे कि लड़की अपने ससुराल की रीति-नीति,रहन-सहन व ससुराल की बहू समझ नहीं पाती है। वहीं से बेटी को ससुराल एक-एक पल भारी पड़ने लगता है जिससे बेटी का लगाव ससुराल पक्ष की ओर न होकर मायके पक्ष की तरफ हो जाता है वही मायके के चलते बेटी सास ससुर,ननद,देवर आदि से मध्य असंतोष बढने लगता है तथा लड़की परिवार में अपने को अलग-थलग महसूस करते हुए मायके वालों के भरपूर समर्थन के चलते छोटी-मोटी बातों को बर्दाश्त न कर संबंध खराब कर लेती है और नौबत अंत में तलाक तक आ जाता है। यदि लड़की के परिवार को बसाना है तो मायका पक्ष ससुराल में दखलंदाजी बन्द होगी तभी लड़की का परिवार बसेगा। हालांकि वर्तमान कानूनों के भय के चलते घरेलू हिंसा में कमी आई है लेकिन इन्हीं कानून का दुरुपयोग कर लड़की पक्ष लड़के वालों को फंसा देने के मामले सामने आये रहते हैं। देखने में आया है कि 50 प्रतिशत मामले मायके वालों के अनावश्यक दखलंदाजी के चलते परिवार बिखर रहे हैं जिसका मुख्य कारण हर छोटी-मोटी बात का मायके पक्ष से दखलअंदाजी है।



# ब्राह्मण महासभा की नगर कार्यकारिणी घोषित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्राह्मण महासभा की आयोजित हुई एक बैठक में नगर कार्यकारिणी की की घोषणा की गई। वरिष्ठ प्रदेश और जिले के पदाधिकारी एवं संरक्षक गणों के निर्देशानुसार कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। यह जानकारी देते हुए ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष नितिन कौशिक ने बताया कि नव गठित नगर कार्यकारिणी में महामंत्री देवेंद्र कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, संगठन मंत्री आशुतोष शर्मा, संयुक्त मंत्री अशोक शर्मा, मंत्री उमेश कौशिक, मंगला प्रसाद दुबे, प्रचार प्रसार मंत्री मोहित कौशिक, कार्यालय मंत्री प्रेम बल्लभ भट्ट, मीडिया प्रभारी ललित शर्मा, सह मीडिया प्रभारी राजकुमार दुबे, कार्यक्रम संयोजक प्रभारी अजय राज शर्मा , विजय शर्मा व कार्यक्रम सहसंयोजक प्रभारी बाबूलाल शर्मा , रामकुमार शर्मा , विकास तिवारी को मनोनीत किया गया है।



# 32 वीं मां वैष्णों दरबार यात्रा 6 अक्टूबर से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां वैष्णों दरबार की 32 वीं यात्रा का शुभारम्भ महंत राजीव ठक्कर तथा सह संयोजक विक्की कक्कड़ व सुभाष डोगरा की देख रेख में आगामी 6 अक्टूबर से किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए श्री दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल ने बताया कि 6 अक्टूबर को प्रात: 7.30 बजे श्री दुर्गा मंदिर में आरती के पश्चात यात्रा पांच मंदिर को प्रस्थान करेगी। दोपहर हरिद्वार पहुचने के बाद रात्रि विश्राम पंचकुला में किया जायेगा। 7 अक्टूबर को पंचकुला से प्रस्थान कर मां नैना देवी पहुंचेगे। रात्रि विश्राम पठानकोट में होगा। 8 अक्टूबर को पहला दर्शन कौलकंडोली का किया जायेगा। रात्रि विश्राम कटरा में होगा। 9 अक्टूबर को मां वैष्णों दरबार जी के दर्शन कर 10 अक्टूबर को कटरा से चीचीमाता, उषामाता, त्रिलोकी नाथ, नागिनीमाता के दर्शन किये जायेंगे। रात्रि विश्राम मां चामुंडा देवी नैना धर्मशाला में होगा। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को चामुंडा जी से प्रस्थान कर मां कांगड़ा देवी के दर्शन होंगे तथा रात्रि विश्राम अग्रवाल सभा ज्वालाजी में किया जायेगा। 12 अक्टूबर को मां ज्वाला जी से बंग्ला मुखी, मां चिन्तपूर्णी, मां ज्वाला जी में हवन एवं दर्शन किये जायेंगे। 13 अक्टूबर को अम्बाला एवं रात्रि विश्राम हरिद्वार में होगा। 14 अक्टूबर को हरिद्वार से काशीपुर होते हुए गल्ला मंडी गेट पर पहुंचेंगे। जहां श्रद्धालुओं द्वारा मां ज्वाला जी का स्वागत कर शोभा यात्रा के साथ पांच मंदिर पहुंचेंगे। तत्चश्चात श्री दुर्गा मंदिर में आरती की जायेगी। श्री ठुकराल ने बताया कि 15 अक्टूबर से नवरात्र प्रारम्भ हो रहे हैं। प्रथम नवरात्र पर श्री दुर्गा मंदिर में माता की चौकी आयोजित की जायेगी। 16 अक्टूबर दूसरे नवरात्र पर श्री दुर्गा मंदिर सभा के सौजन्य से मां भगवती का विशाल जागरण होगा। 17 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक मंदिर में माता की चौकियां आयोजित होंगी।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# चार बार सेना भर्ती में असफल युवक ने की आत्महत्या

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। ।अल्मोड़ा में एक युवक ने आर्मी भर्ती की लिखित परीक्षा में लगातार चौथी बार असफल होने के बाद फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। परिजनों को उसका शव कमरे में पंखे के कुंडे से रस्सी से लटका मिला। बताया जा रहा है कि 21 वर्षीय निर्मल पांडे अपने पिता देवी दत्त पांडे निवासी मैलकांडे धौला देवी अल्मोड़ा अपने पिता के साथ नगर में एडम्स स्थित किराए के मकान में रहा करता था। मृतक के पिता देवीदत्त पांडे ने बताया कि वह माल रोड स्थित एक पेट्रोल पंप में कार्य किया करते हैं उनका बेटा निर्मल कई वर्षों से सेना में भर्ती का प्रयास कर रहा था। वह चार बार सेना भर्ती की लिखित परीक्षा तक भी पहुंचा था। इस बार भी उसने सेना भर्ती की लिखित परीक्षा दी थी किंतु गुरुवार को घोषित रिजल्ट में उसका नाम नहीं होने वह काफी टूट सा गया था। उन्होंने बताया कि जब वे शाम को वापस अपने काम से लौटे उन्होंने अपने बेटे को फंदे से लटका पाया उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के पड़ोसी भी आ गये और आनन फानन शव को फंदे से उतरकर जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उनका पुत्र सेना भर्ती के लिए लगातार प्रयास कर रहा था किंतु सेना भर्ती परीक्षा के गुरुवार को आए लिखित परीक्षा परिणाम में लगातार चौथी दफा भी असफल होने से उसका मनोबल टूट गया और लगता है उसने व्यथित होकर आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस इस सारे मामले की जांच कर रही है। कोतवाल अरुण कुमार ने बताया कि युवक के शव को शवग्रह में रखवा दिया गया है जिसका आज शुक्रवार को शव विच्छेदन किया जाएगा।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

बिकाऊ है
करतार पुर रोड पर बेहत फार्म स्थित 22 एकड़ कृषि भूमि।
घर, गोदाम, पार्किंग शैड, ट्यूबवैल आदि मौजूद
सम्पर्क करें:
09815123221, 09779777117

# चोरों ने रिटायर्ड दारोगा का घर खंगाला

## परिवार गया था नंदादेवी मेला देखने, लाखों के जेवर व नगदी उड़ाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में चोरियों के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। इस बार चोरों ने रिटायर्ड दरोगा के घर से लाखों का माल साफ कर दिया। इस दौरान घर में कोई नहीं था। परिवार नैनीताल में नंदा देवी का मेला देखने गया था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर के पांच कमरे खंगाले और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात और हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ले गये। इतना ही नहीं चोरों ने मंदिर में रखे चढ़ावे पर रखेरूपयों को भी नहीं छोड़ा। घर में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद शातिर चोर जाते-जाते घर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर को पानी से भरी बाल्टी में डाल गये।सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार आरटीओ रोड उदयलालपुर मुखानी निवासी बसंत कुमार पांडे वर्ष 2021 में डीआईजी कैंप कार्यालय सेदरोगा पद से रिटायर्ड हुए थे। वर्तमान वह अपनी पत्नी दया पांडे के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है विगत 23 सितंबर को वह अपनी पत्नी के साथ नंदा देवी का मेला देखने नैनीताल गए थे। वहीअपने बेटे के यहां रूक गये। 27सितंबर को पड़ोसी सोनू ने फोन कर बसंत को बताया कि उनके घर के ताले टूटे हुए हैं। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौक पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने सबूत जुटाए रिटायर्ड दरोगा बसंत के अनुसार चोरों ने घर में पांचों कमरे खंगाले। उनकी पत्नी और दोनों बहुओं के सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। साथ ही आठ हजार रुपये की नकदी भी ले गये। उनका कहना है कि चोर कुल 30 से 35 तोला सोने-चांदी के जेवर ले गए। इतना ही नहीं चोरों ने घर के मंदिर में चढ़ाये रूपये भी चोरी कर लिए। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए घर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर को पहले तोड़ा और फिर पानी से भरी बाल्टी में डाल दिया। जिससे कुछ पता न चल सके। मुखानी थानाध्यक्ष रमेश बोहरा बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पांच सौ व एक सौ रुपए के स्टाम्प पर सरकारी भूमि बेचने का आरोप

## नैनीताल हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से मांगे साक्ष्य

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी में भू माफियाओं द्वारा रेलवे, वन विभाग और राजस्व की भूमि को एक सौ और पाँच सौ रुपये के स्टाम्प पर बेचने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को निर्देशित किया कि जो भी आरोप उन्होंने लगाए हैं उसके सबूत शपथपत्र के माध्यम से न्यायालय को दिखाएं। मुख्य न्यायधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई 4 दिसम्बर को तय की है।मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी हितेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि हल्द्वानी के गफूर बस्ती में रेलवे की भूमि, गौलापार, गौजाजाली स्थित वन विभाग राजस्व की भूमि को भू माफियाओं के द्वारा सौ और पाँच सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर बेच दिया गया है। जिन लोगों को यह भूमि बेची गयी वे लोग उत्तराखंड के स्थायी निवासी नहीं हैं और ये लोग रोजगार के लिए यहाँ आये थे। कुछ ही समय बाद सीएससी सेंटर में इनके वोटर आईडी तक बन गए। जब इसकी शिकायत प्रशासन व मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तो भू माफियाओं द्वारा याचिकाकर्ता को जान माल की धमकी दी गई। याचिकाकर्ता ने कहा कि ये लोग उत्तराखंड के स्थायी निवासी नहीं हैं। राज्य सरकार ने वोट बैंक के लिए इन्हें बिजली, पानी, स्कूल और हॉस्पिटल के लिए करोड़ो रूपये का बजट दिया है। इसका असर स्थायी लोगों पर पड़ रहा है। जिसकी वजह से उन लोगों को सरकार की योजनाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। जनहित याचिका में न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि इस मामले की उच्च स्तरीय कमेटी से कराई जाय और इनके सभी दस्तावेजों की जाँच की जाय।

# आगनवाड़ी केंद्र गंगोली में पोषण मेले का आयोजन

किच्छा(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना रुद्रपुर ग्रामीण के सेक्टर शांतिपुरी के आगनवाड़ी केंद गंगोली में श्रीमति हेमा कांडपाल द्वारा पोषण माह के तहत पोषण मेले का आयोजन किया। ग्राम प्रधान गीता देवी



का बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती हेमा कांडपाल दौरा गमला देकर स्वागत किया गया । नीति आयोग के शुऐब अहमद, प्रोग्राम लीडर, स्वास्थ्य एवं पोषण पिरामल एडीसी/नीति भीं कार्यक्रम मैं उपस्थित हुए उनके द्वारा पोषण संबंधी जानकारी दी गई तत्पश्चात सुपरवाइजर श्री मति हेमलता कोहली द्वारा विभागीय योजनाओं पी एम एम वी वाई ,नंदा गौरा योजना ,मुख्य मंत्री महालक्ष्मी किट योजना, टी एच आर कुक्ड फूड आती की विस्तृत जनकारी दी गई साथ ही राष्टीय पोषण मिशन के अंतर्गत पोषण के पांच सूत्र की जानकारी दी गई । तुर्कागिरी की तारा देवी द्वारा उद्देश्य की जानकारी देते हुए कार्यक्रम का संचालन किया गया । बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमा कांडपाल द्वारा 10 खाद्य समूह ,वजन ट्रेकिंग व एनीमिया से बचाव हेतु किस प्रकार का आहार लेना चाहिए ।जानकारी दी गई साथ ही मोटे अनाज के फायदे के विषय मै बताया गया कार्यक्रम के तहत महिलाओ की गोद भराई अन्नप्राशन व महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया अम्मा की रसोई बनाई गई जिसमे भट्ट की चुलकानी बनाई गई उसके फायदे बताए गए । इसके अलावा बालक बालिका प्रतिस्पर्धा मैं प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया । मोटे अनाज को प्रमोट करने के लिए व्यंजन प्रदर्शनी भी लगाई गई सुंदर रंगोली के द्वारा भी पोषण का प्रचार किया गया । ग्राम प्रधान श्रीमति गीता देवी द्वारा समस्त योजनाओं का लाभ उठाने हेतु लाभर्थियो को प्रोत्साहित किया गया। स्वास्थ्य विभाग से सी एच ओ मोनिका तिवारी एएनएम सुषमा यादव व आशा वर्कर द्वारा आयरन व कैल्शियम की गोली गर्भवती माता, धात्री माता , किशोरियों को वितरित की गई । इस दौरान शांतिपुरी की समस्त आग्नवाड़ी कार्यकर्तिया व सहायिका उपस्थित हुई।

# एजीएम रूद्रपुर डिपो पर लगाई आरोपों की झड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ के पदाधिकारियों की रुद्रपुर रोडवेज कार्यालय में आयोजित हुई मासिक बैठक में वक्ताओं ने रुद्रपुर रोडवेज के एजीएम पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए उनके पूर्व के कार्यकाल की जांच करने के साथ ही डिपो हित में उनका स्थानांतरण करने की जोरदार मांग की। वक्ताओं का कहना था कि रुद्रपुर रोडवेज एजीएम का व्यवहार कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक नहीं है। वह लगातार कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं।प्रांतीय संगठन मंत्री बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि प्रभारी एजीएम के उत्पीड़न से कर्मचारियों व संगठन में रोष है। रुद्रपुर रोडवेज जो तीन चार वर्षों से लगातार आय अर्जित करने में प्रदेश भर में तीसरे या चौथे स्थान पर आ रहा था। प्रभारी एजीएम की कार्यशैली के कारण स्थान 15 वें व 16 वें स्थान पर आ गया है। बस स्टेशन परिसर में बस टर्मिनल का निर्माण कर रहे ठेकेदार की तरफ से दुकानें व ठेले लगवाए गए हैं। इनमें बिजली का उपभोग भी रोडवेज बस स्टेशन का ही किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि मार्ग पर चालक परिचालकों का चेहरा देखकर भेजा जा रहा है वहीं अनुबंधित बसों को पहले गंतव्य स्थानों को रवाना कर निगम की बसों को कार्यशाला में खड़ा कर दिया जा रहा है। जिससे डिपो और कर्मचारियों दोनों को ही नुकसान हो रहा है। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने तथा संचालन मंत्री ललित मोहन पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रूप सिंह, जगदीशचंद्र अधिकारी, राम कुमार प्रभाकर, शंकर गहतोड़ी, मनोज गुर्रानी, महेश चंद्र पांडेय, पुरुषोत्तम कुमार, अवतार सिंह, रंजीत कौर, कुशाल सिंह, गीता देवी आदि मौजूद थे।



# दिलीप ने किया आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घघाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलीप अधिकारी ने पार्षद प्रीति साना के साथ संयुक्त रूप से आज शासन द्वारा जगतपुरा मुखर्जी नगर में वार्ड नंबर 5 मे नई स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1/6 का पूजा अर्चना के बीच विधिवत रूप से फीता काट कर उद्घघाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए दिलीप अधिकारी ने कहा कि आज आंगनबाड़ी के माध्यम से सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गर्भवती महिलाओं तथा उनके बच्चों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए हमें उम्मीद है आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ती पुष्पा मंडल और सहायिका गीता देवी यहां के छोटे-छोटे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को शासन द्वारा दी



जा रही सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाएंगी। इससे महिलाओं व उनके बच्चों का विकास होगा एवम कुपोषण से मुक्ति मिलेगी। श्री अधिकारी ने कहा कि आंगनवाडी केंद्र में जो भी पोषक सामग्री आती है वह सब पात्र लोगों के हाथों तक पहुंचे। आंगनवाड़ी केंद्र के कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों की विस्तृत जानकारी अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। ताकि उनके लिए विशेष व्यवस्था की जा सके। पार्षद प्रीति साना ने कहा कि आंगनवाडी कार्यकत्री व सहायिका क्षेत्र में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, प्रदूषण, खानपान, सफाई, नशा, बच्चों के अच्छे पालन पोषण के प्रति भी जागरूक करें। इस दौरान कांग्रेस नगर महामंत्री अर्जुन विश्वास, शकुंतला, अंजली, मालती, ऊषा, किरन, उर्वशी, रामवती, सरस्वती, गायत्री, सीमा, बीना, राजकुमार, रमेश, महेश, गोबिंद सहित कई लोग मौजूद थे।

# बूथ सशक्तिकरण के लिये बैठक आयोजित

गदरुपर(उद संवाददाता)। बूथ सशक्तिकरण की केलाखेड़ा मंडल की बैठक सिंचाई विभाग बाजपुर गेस्ट हाउस में की गई । बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी बूथ अध्यक्ष एवं समस्त मोर्चा पदाधिकारी आईटी सेल के



माध्यम से सरल ऐप में नाम वेरीफाई किए गए एवं सभी बूथ अध्यक्ष से सरल ऐप पर नाम अंकित करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में मंडल प्रभारी विकास गुप्ता, मंडल अध्यक्ष महेंद्र कालड़ा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री गोल्डी सूरी एवं संचालन मंडल महामंत्री आशीष ठाकुर आदि मौजूद थे।

# बार्मिंघम में धामी का धमाल, तीन हजार करोड़ का एमओयू

## बार्मिंघम में आयोजित रोड शो में शिक्षा, आइटी, हेल्थ, मैन्युफैक्चरिंग इन्डस्ट्री से जुड़े 250 से अधिक विदेशी डेलिगेट्स ने किया प्रतिभाग दिल्ली में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिये किया आमंत्रित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में लंदन में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दो कंपनियों के साथ 3 हजार करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट एमओयू साइन किए गए। आगर टेक्नोलॉजी के साथ 2 हजार करोड़ रुपये और बार्सिलोना के साथ 1 हजार करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया गया। प्रदेश सरकार की ओर से सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय ने एमओयूमें साइन किए। इसके अतिरिक्त ईज माई ट्रिप के साथ भी दो एमओयू किए गए। इसमें राज्य समर्थित ओटीए (ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर) बनाए जाने और पर्यटन के लिए विश्व में उत्तराखण्ड का प्रमोशन करने पर ईज माई ट्रिप ने सहमति दी। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस दौरान सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा समेत प्रतिनिधि मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं निवेशक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने ब्रिटेन दौरे के दूसरे दिन बर्मिंघम में ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट हेतु आयोजित रोड शो में प्रतिभाग करते हुए विभिन्न उद्योगपतियों के साथ बैठक की। इस दौरान शिक्षा, आइटी, हेल्थ, मैन्युफैक्चरिंग इन्डस्ट्री से जुड़े 250 से अधिक डेलिगेट्स ने प्रतिभाग किया। रोड शो के दौरान विदेशी निवेशकों ने राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से विभिन्न नीतियों के बारें में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सभी निवेशकों को आगामी दिसम्बर माह में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बर्मिंघम ऐतिहासिक शहर है और यह उद्योग के क्षेत्र में प्रमुख स्थान रखता है। मुख्यमंत्री ने लंदन और बर्मिंघम में रह रहे समस्त भारतीयों का उनके अपार स्नेह हेतु आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की थीम को पीस टू प्रोस्पेरिटी रखा गया है। उत्तराखण्ड भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से कुछ दूरी पर है, बेहतर रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी से सीधा जुड़ा है लिहाजा उत्तराखण्ड में निवेश के लिए अपार संभावनाएं हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में निवेश करने वाले देशों में ब्रिटेन छठवें नंबर का देश है, जिसकी 600 से अधिक औद्योगिक इकाइयां पूरे देश में कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने बर्मिंघम में मौजूद भारत के प्रमुख कौंसुलावास का भी आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया।








## निवेश की बौछार से खुश हुए सीएम धामी, बोले उत्तराखंड के प्रवासी भाई-बहन राज्य के ब्रांड एंबेसडर

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से ब्रिटेन दौरे पर हैं। वहीं सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने विदेश दौरे के दौरान आदर सत्कार के लिये प्रवासी उत्तराखंड वासियों का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान उन्होंने लंदन व बर्मिंघम में रोड शो के जरिये निवेशकों को राज्य में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। बर्मिंघम में निवेशकों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की शांतिप्रिय वादियां एवं काम करने के अनुकूल वातावरण इसे अन्य स्थानों से भिन्न बनाता है। प्रदेश में होने वाले वैश्विक निवेश सम्मेलन की थीम को पीस टू प्रोसपेरिटी रखा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन को लेकर लंदन में आयोजित रोड शो में सहयोग के लिए वहां रह रहे प्रवासी भारतीयों, खासतौर पर प्रवासी उत्तराखंडियों का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि विदेश में रहकर भी वे अपनी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत से उत्तराखंड के प्रवासी भाइयों ने अपना खास स्थान बनाया है। अपने ब्रिटेन दौरे के अंतिम दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री कहा कि जिस अपनत्व भाव से उनका स्वागत किया गया, उससे वे भाव विभोर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के सभी देशों में रह रहे भारतीयों में गौरव की भावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि विदेश में रह रहे उत्तराखंड के प्रवासी भाई-बहन राज्य के ब्रांड एंबेसडर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रिटेन का दौरा बहुत सफल रहा है। निवेशकों से उत्साहवर्धक बात और महत्वपूर्ण एमओयू हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य का विकास हुआ है। राज्य सरकार ने 27 नीतियां बनाई है। लैंड बैंक भी तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से उत्तराखंड में आकर निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर प्रकार का सहयोग निवेशकों और उद्यमियों को देगी।

## आज लंदन से लौटेंगे सीएम धामी: अब तक 19600 करोड़ का निवेश जुटाया

देहरादून। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए दिल्ली से लंदन तक धामी सरकार ने अब तक 19600 करोड़ का निवेश जुटा दिया है। सरकार ने सम्मेलन से पहले लगभग 30 हजार करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ब्रिटेन के तीन दिवसीय दौरे से लौटेंगे। दिसंबर माह में आने वाले वैश्विक निवेश सम्मेलन के लिए दिल्ली में 14 सितंबर को करटेन रेजर में 7600 करोड़ के निवेश पर एमओयू किया गया। इसके अलावा ब्रिटेन के लंदन और बर्मिंघम में पहले अंतरराष्ट्रीय रोड शो में 1200 करोड़ का निवेश जुटाया गया। अक्तूबर के दूसरे सप्ताह में दुबई, सिंगापुर और कनाडा में अंतरराष्ट्रीय रोड शो आयोजित होने है। साथ ही दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, बंगलुरु, अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नई में रोड शो के माध्यम से निवेशकों को राज्य में उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# राज्यपाल ने किया सीमान्त गांव मलारी का भ्रमण

## श्री बद्रीनाथ धाम में की पूजा अर्चना, स्थानीय महिलाओं व आईटीबीपी जवानों का हौसला भी बढ़ाया







चमोली (उद संवाददाता)। महामहिम राज्यपाल उत्तराखंड, लेफ्टिनेंट जनरल श्री गुरमीत सिंह (से.नि.) द्वारा गुरूवार को जनपद चमोली के सीमान्त गांव मलारी के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान ष्ज्ठच के अधिकारियों, स्थानीय निवासियों व महिलाओं द्वारा अपने पारंपरिक परिधानों व वेषभूषा में नृत्य कर महामहिम राज्यपाल उत्तराखंड का स्वागत किया गया। राज्यपाल द्वारा सीमांत गांव मलारी में पर्यटन की अपार संभावनाएं बताते हुए, स्थानीय महिलाओं के पहाड़ी व्यंजनों, उत्पादों व हस्तशिल्पों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। ताकि स्वरोजगार के साथ ही पारंपरिक धरोहरों और सांस्कृतिक परंपराओं को भी संरक्षित किया जा सके। तदोपरान्त राज्यपाल द्वारा आईटीबीपी के जवानों से मिलकर उनका हाल चाल जाना एवं विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी सीमा पर डटे जवानों का हौसला भी बढ़ाया। तत्पश्चात राज्यपाल महोदय के श्री बदरीनाथ धाम पहुंचने पर वीआईपी हेलीपैड पर जिलाधिकारी चमोली श्री हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक चमोली श्रीमती रेखा यादव द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यपाल द्वारा चमोली पुलिस के जवानों द्वारा बेहतरीन सेरिमोनियल यूनिफॉर्म में शानदार सलामी दिए जाने पर गार्द जवानों के टर्नआउट व शस्त्र कवायद की सराहना की गयी। श्री बद्रीनाथ मन्दिर में विशेष पूजा अर्चना कर राज्यपाल महोदय द्वारा सम्पूर्ण विश्व एवं मानवता के कल्याण के कामना की गयी। जिलाधिकारी चमोली द्वारा राज्यपाल महोदय को श्री बद्रीनाथ धाम में विभिन्न चरणों में होने वाले निर्माण कार्यों एवं आने वाले समय में होने वाले कार्यों की जानकारी दी गयी। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक चमोली श्री प्रमोद शाह, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन/यातायात सुश्री नताशा सिंह सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वृद्धजनों का सम्मान व सहायता करना सबका दायित्वः पाठक

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। समाज में वृद्धजनों को कभी भी अकेला तथा असहाय न छोड़ कर उनका सदेव सम्मान करने के साथ ही उनकी हर समय सहायता करना हम सबका प्रथम दायित्व होना चाहिए। ग्राम जोगीठेर नगला में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर के तत्वाधान में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में सचिन कुमार पाठक सीनियर डिवीजन सिविल जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा वृद्धजनों को कई विधिक अधिकार प्रदान किए गए हैं। परंतु इनकी पूर्ण जानकारी उन्हें नहीं है। जिसके लिए विधिक एवं साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में ग्रामवासियों को सामाजिक कुरीतियों, साक्षरता, नशा मुक्ति अभियान, सफाई अभियान, वृद्धों के लिए चलाये जा रहे योजनाओं से जागरूक किया। श्री पाठक ने कहा कि समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव से युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार की ओर बढ़ रहा है। इसे रोकने के लिए खुद युवाओं को आगे बढ़कर आने की आवश्यकता है। नशे के अवैध कारोबार





में लिप्त लोगों इससे दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान जितेंद्र गौतम, पूर्व ग्राम प्रधान फेकूलाल गौतम, प्रतापपुर चौकी इंचार्ज विजेंद्र, रेड क्रॉस सोसाइटी के अधिकारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी, महिला सहायता समूह, समाजसेवी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तराखंड किसान आयोग के उपाध्यक्ष सरदार राजपाल सिंह ने किया। स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

## भाजपा नेता जुल्फकार अली ने दी जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर्व की शुभकामनायें

गदरपुर (उद संवाददाता)। ।भाजपा नेता जुल्फकार अली ने जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जुलूस में शिरकत की ओर कहा कि कायनात इससे बड़ी कोई दूसरी खुशी का दिन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हुजूर जैसा रूहे जमीन पर कायनात में कोई दूसरा नहीं है सरकार पर लाखों करोड़ों सलाम। जुल्फकार अली ने कहा कि ये सब तुम्हारा करम है, आका ! कि बात अब तक बनी हुई है। कहा कि यह उम्मत और हम खुशनसीब है कि सरकार की उम्मत में पैदा हुए और हमे दुरूद ओ सलाम पेश करने का सर्फ हासिल हुआ।साफ तौर पर कहा कि वो लोग जो दीन से गुमराह हो गए उन्होंने अपनी दुनिया और आखिरत दोनों तबाह कर ली है। सरकार के बनाए निजाम से गुमराह होने वालों का हशर ना ही दुनिया



में किसी से छुपा नही है।कहा कि आखिरत संवारने के लिए लोग दुनिया की परवाह नहीं करते कभी उसूलों से समझौता नही करते सरकार ने दुनिया को यही मैसेज दिया है।इस मौके पर उनके साथ अंजार हुसैन, रासम सकलैनी, मिक्की मियां, अरशद मियां, इमरान अहमद, रिजवान अली, सद्दाम, गुड्डू, अफनान, वसीम अख्तर, इंतेखाब हुसैन, असगर अली, नासिर बाबा, मुदस्सिर, कामिल, अफसर, टोनी पठान, नजीर सकलैनी, सैफ अली, शानू, मेहरबान अली, फरमान, शादाब, साबेद, जाकिर, फहद, असद, नामे अली मुनीम, कय्यूम, बाबू, मुन्ने, आदि बहुत से लोग मौजूद थे।



## विधि विधान से हनुमान ध्वजा की हुई पूजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अन्नतचतुर्दशी को रामलीला संचालन समिति द्वारा श्री रामलीला कमेटी रामलीला मैदान मे विधि विधान के साथ ध्वज स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे व्यास गोपाल दत्त भट्ट शास्त्री जी ने मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन ओर हनुमान ध्वजा का पूजन किया। पूजन नगर मजिस्ट्रेट रिसीवर ऋचा सिह ,नगर महापौर जोगेन्दर रोतेला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डाक्टर नीलाम्बर भट्ट समिति के अजय राजौर, विवेक कश्यप, मनोज गुप्ता ने संयुक्त रूप से पूजन किया। श्रीराम भवन मे हनुमान जी के मन्दिर को भव्य रूप से फूलो से सजाया गया। कार्यक्रम मे सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के छात्रो ने स्वस्तिवाचन किया, तदुपरांत आरती और प्रसाद वितरण किया। ध्वज स्थापना कार्यक्रम मे वाल्मिकी समाज की भी बडी संख्या मे भागीदारी रही।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सदस्य बिंदेश गुप्ता, तनुज गुप्ता, गोपाल पाल, क्षेत्र सेवा प्रमुख धनीराम, बसन्त बसन्त अग्रवाल, भवानी शंकर, भोलानाथ केसरवानी, अभिषेक जैन, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, विजय भट्ट,



अग्रवाल, प्रेम नारायण गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, रामअवतार राजोर, दिन लीला प्रबंधक अमित जोशी, हितेश पाण्डेय टीनू, गोरव गुप्ता रूपेन्द्र नागर, प्रदीपजनोटी, भगवान सहाय अग्रवाल विजय अग्रवाल, अनुभव गोयल, तरन अग्रवाल, एनवी गुणवन्त, उमेश डालाकोटी, राकेश गर्ग, वेद प्रकाश, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, हरिमोहन अरोरा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल अग्रवाल ने किया।

## शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों,अमर शहीदों और वीर क्रांतिकारियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि देश के अमर शहीदों और क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर देश को आजाद कराया। आज हमें उनके पद चिन्हों पर चलकर देश को मजबूत बनाना है स इससे पूर्व शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता भगत सिंह चौक पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी स यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जब तक सूरज चांद रहेगा। भगत सिंह तुम्हारा नाम रहेगा, आदि गगन भेदी नारे लगाए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष



तनेजा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, और पर्यवेक्षक रहे कृष्ण शर्मा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर चेतन भट्ट, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, अनिल शर्मा, विजय हरि, सुभाष दिवाकर, अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गौशाला निर्माण के लिये प्रस्ताव किया तैयार

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर में गौशाला के प्रस्ताव हेतु एक मीटिंग रखी गई थी जिसमें शहर के कुछ गणमन व्यक्ति उपस्थित हुए और गौ शाला को लेकर कई विषयों पर लेकर चर्चा की गई। जिसमें हमें गौशाला हेतु 500 रुपए प्रति व्यक्ति का प्रस्ताव किया गया और ऐसे 500 व्यक्तियों को संस्था के साथ जोड़ने के लिए कहा गया जिससे हम गौशाला संचालन हेतु मदद मिल सके और सबका आशीर्वाद मिल सके जिससे हम यह कार्य शुरू कर सकें। जिसमें व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बैहड़, जियो जिंदगी रमन छाबड़ा,राष्ट्रीय सेवक संघ से विनोद चुघ नगर अध्यक्ष हरीश अरोड़ा,नगर उपाध्यक्ष अमित सेतिया, विकास चेतन कक्कड़, नितिन छाबड़ा,जय भवानी मंडल से सोमनाथ छाबड़ा,भारतीय जनता पार्टी के युवा



तनेजा ,सोनू पोपली, अजय आहूजा ,सोनित मदान, पंकज बजाज अखिल भारतीय श्याम परिवार का अध्यक्ष मोर्चा के अध्यक्ष मुनी भुसरी, गौ सेवक निपुण गगनेजा श्री श्याम मित्र मंडल से अंकित गगनेजा,परी गगनेजा उपस्थित रहे।

# जानिए पितृपक्ष की तिथियां और महत्व

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मासूमों से दुष्कर्म की बढ़ती घटनाएं

उज्जैन में नाबालिग बच्ची से बलात्कार और खून से लथपथ हालत में उसके सड़कों पर भटकने की झकझोर देने वाली घटना ने निर्भया मामले की याद ताजा कर दी। ऐसा लगता है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिहाज से आज भी कुछ नहीं बदला है। बारह साल की बच्ची के साथ बलात्कार कर उसे अर्धनग्न अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया गया।वह अपने तन को ढंकने की कोशिश करती हुई मदद के लिए रात के अंधेरे में आठ किलोमीटर तक उज्जैन के गली-मोहल्लों में भटकती रही। आखिरकार खून ज्यादा बह जाने के कारण बेहोश होकर गिर गई। उसके आंतरिक अंगों को गहरी चोट पहुंचाई गई थी। डाक्टरों ने इलाज कर उसे बचा तो लिया है, लेकिन अभी उसकी हालत स्थिर है।यह घटना उस मासूम के साथ हुई है, जो उस शहर की भाषा भी नहीं समझती, अपना दर्द किसी से साझा नहीं कर सकती। पीड़ित बच्ची दूसरे राज्य की बताई जा रही है। वह यहां कैसे पहुंची, यह भी जांच का विषय है। कहीं मामला बाल तस्करी या बच्चा चोरी से जुड़ा तो नहीं है। सरकार ने इसके लिए विशेष जांच दल बना दिया है।घटना सोमवार तड़के तीन से पांच बजे के बीच की है। दो तिपहिया वाहनों में उसके साथ ज्यादती होने के सबूत मिले हैं। पुलिस ने तीन तिपहिया चालकों को हिरासत में लिया है। उम्मीद है कि आगे की कार्रवाई होगी और दोषी कानून के शिकंजे में कसे जा सकेंगे। मगर क्या उन सवालों के जवाब मिल पाएंगे, जो निर्भया कांड के समय उभरे थे और फिर बड़े-बड़े वादों की चादर में ढक दिए गए थे। उस समय ऐसा लग रहा था कि समाज के मुंह पर कालिख पोतने वाली यह आखिरी घटना होगी, लेकिन उसके बाद दिल्ली, कठुआ, पटना समेत कई जगहों पर बच्चियों के साथ सिहरा देने वाली घटनाएं हुईं। सिलसिला बदस्तूर जारी है। समाज में यह प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। आंकड़े डराने वाले हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रपट के मुताबिक कई कड़े कानून बनने के बावजूद पिछले दस वर्षों में महिलाओं के साथ अपराधों में सतासी फीसद की वृद्धि हुई है। निर्भया कांड के बाद दुष्कर्म की घटनाएं रोकने के लिए पाक्सो कानून बना। नाबालिगों के संरक्षण का यह सबसे बड़ा हथियार है। भारतीय दंड संहिता की धारा 181 और 182 में बदलाव हुआ और किशोर न्याय विधेयक पास किया गया। इसके तहत सोलह साल या उससे अधिक उम्र के किशोर को जघन्य अपराध करने पर वयस्क मानकर मुकदमा चलेगा। बलात्कार से जुड़े नियम कड़े किए गए और दुष्कर्म के दोषी के लिए फांसी की सजा जोड़ी गई। महिलाओं, विशेषकर बच्चियों के साथ बढ़ते अपराध से ऐसा लगता है कि ये सारे इंतजाम तब तक नाकाफी और बेमानी हैं, जब तक समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत नहीं होगी, लोगों में कानून का खौफ पैदा नहीं होगा तथा समाज में नैतिकता और जिम्मेदारी का पक्ष मजबूत नहीं होगा। सरकार को इस तरफ गंभीरता से विचार करना होगा कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के मामले में भारत अब भी विश्व के सबसे खतरनाक देशों की सूची में क्यों है। यहां हर बीस मिनट में एक महिला बलात्कार की शिकार क्यों हो रही है। हैरानी की बात है कि इतनी देर तक पीड़ित बच्ची गली-मुहल्लों की सड़कों पर घूमती रही और उसकी मदद के लिए पुलिस कैसे नहीं आई। जब तक पुलिस नींद से नहीं जागेगी, अपराधी इसी तरह बच्चियों के साथ बेखौफ बर्बरता करते रहेंगे।

---

भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि के साथ पितृपक्ष आरंभ हो गए है जो अश्विन मास की अमावस्या तिथि के साथ समाप्त होंगे। हिंदू धर्म में पितृपक्ष का काफी अधिक महत्व है। जिस तरह से देवी-देवताओं की पूजा की जाती है। उसी तरह पितृपक्ष में पितरों की पूजा की जाती हैं, जिससे वह प्रसन्न हो अपने परिवार के लोगों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। आचार्य कमलेश जोशी के अनुसार पितृ पक्ष में श्राद्ध और तर्पण करने से पितर प्रसन्न होते हैं और आशीर्वाद प्रदान करते हैं। उनकी कृपा से जीवन में आने वाली कई प्रकार की रुकावटें दूर होती हैं। व्यक्ति को कई तरह की दिक्कतों से भी मुक्ति मिलती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, पितृ पक्ष 29 सितंबर यानी आज से शुरू हो चुके हैं। **वर्ष में पंद्रह दिन की विशेष अवधि में श्राद्ध कर्मः** श्राद्ध के दौरान कुल देवताओं, पितरों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा प्रकट की जाती है। वर्ष में पंद्रह दिन की विशेष अवधि में श्राद्ध कर्म किए जाते हैं और इसकी शुरुआत आज से हो चुकी है। श्राद्ध पक्ष को पितृपक्ष और महालय के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि श्राद्ध पक्ष के दौरान हमारे पूर्वज पृथ्वी पर सूक्ष्म रूप में आते हैं और उनके नाम से किए जाने वाले तर्पण को स्वीकार करते हैं। इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है। **पिंडदान करने से पितरों को मिलेगा मोक्ष :** मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान पितरों का पिंडदान करने से उन्हें पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और वह सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इतना ही नहीं कुंडली से पितृ दोष से भी मुक्ति मिल जाती है। **अनुष्ठानों का विशेष समयः** पितृ पक्ष का कुतुप मुहूर्त 29 सितंबर यानी आज दोपहर 11 बजकर 47 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगा। साथ ही रौहिण मुहूर्त आज दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से दोपहर 1 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। अपराह्न काल आज दोपहर 1 बजकर 23 मिनट से लेकर दोपहर 3 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। **पितृ पक्ष में कैसे करें पितरों को यादः** पितृ पक्ष में हम अपने पितरों को नियमित रूप से जल अर्पित करें। यह जल दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके दोपहर के समय दिया जाता है। जल में काला तिल मिलाया जाता है और हाथ में कुश रखा जाता है। जिस दिन पूर्वज की देहांत की तिथि होती है, उस दिन अन्न और वस्त्र का दान किया जाता है। उसी दिन किसी निर्धन को भोजन भी कराया जाता है। इसके बाद पितृपक्ष के कार्य समाप्त हो जाते हैं। **पितृ पक्ष तर्पण विधिः** प्रतिदिन सूर्योदय से पहले एक जूड़ी ले लें, और दक्षिणी मुखी होकर वह जूड़ी पीपल के वृक्ष के नीचे स्थापित करके, एक लोटे में थोड़ा गंगा जल, बाकी सादा जल भरकर लौटे में थोड़ा दूध, बूरा, काले तिल, जौ डालकर एक चम्मच से कुशा की जूडी पर 108 बार जल चढ़ाते रहें और प्रत्येक चम्मच जल पर यह मंत्र उच्चारण करते रहे। **पितृ को प्रसन्न करने के लिए करें ये कामः** पितृ पक्ष में अगर कोई जानवर या पक्षी आपके घर आए, तो उसे भोजन जरूर कराना चाहिए। मान्ध्यता है कि पूर्वज इन रूप में आपसे मिलने आते हैं। पितृ पक्ष में पत्तल पर भोजन करें और ब्राह्मणों को भी पत्तल में भोजन कराएं, तो यह फलदायी होता है। **इन कार्यों से नाराज होते हैं पितर :** श्राद्ध कर्म करने वाले सदस्य को इन दिनों बाल और नाखून नहीं काटने चाहिए. उन्हें ब्रह्मचर्य का पालन भी करना चाहिए. श्राद्ध कर्म हमेशा दिन में करें. सूर्यास्ध्त के बाद श्राद्ध करना अशुभ माना जाता है. इन दिनों में लौकी, खीरा, चना, जीरा और सरसों का साग नहीं खाना चाहिए. जानवरों या पक्षी को सताना या परेशान भी नहीं करना है **विशेष स्थान पर श्राद्ध कर्म, विशेष फल :** यदि किसी विशेष स्थान पर श्राद्ध कर्म किया जाता है तो यह विशेष फल देता है। कहा जाता है कि गया, प्रयाग, बद्रीनाथ में श्राद्ध करने से पितरों को मोक्ष मिलता है। जो किसी भी कारण से इन पवित्र तीर्थो पर श्राद्ध कर्म नहीं कर सकते हैं वे अपने घर के आंगन में किसी भी पवित्र स्थान पर तर्पण और पिंड दान कर सकते हैं।श्राद्ध कर्म के लिए काले तिल का उपयोग करना चाहिए। पिंडदान करते वक्त तुलसी जरूर रखें।श्राद्ध कर्म शाम, रात, सुबह या अंधेरे के दौरान नहीं किया जाना चाहिए।पितृ पक्ष में, गायों, कुत्तों, चींटियों और ब्राह्मणों को यथासंभव भोजन कराना चाहिए। इस प्रकार विधि विधान से श्राद्ध पूजा कर जातक पितृ ऋण से मुक्ति पा लेता है व श्राद्ध पक्ष में किये गये उनके श्राद्ध से पितर प्रसन्न होते हैं व आपके घर परिवार व जीवन में सुख, समृद्धि होने का आशीर्वाद देते हैं।

**पितृ पक्ष की प्रमुख तिथियां**

29 सितंबर 2023, शुक्रवार पूर्णिमा श्राद्ध
30 सितंबर 2023, शनिवार द्वितीया श्राद्ध
01 अक्टूबर 2023, रविवार तृतीया श्राद्ध
02 अक्टूबर 2023, सोमवार चतुर्थी श्राद्ध
03 अक्टूबर 2023, मंगलवार पंचमी श्राद्ध
04 अक्टूबर 2023, बुधवार षष्ठी श्राद्ध
05 अक्टूबर 2023, गुरुवार सप्तमी श्राद्ध
06 अक्टूबर 2023, शुक्रवार अष्टमी श्राद्ध
07 अक्टूबर 2023, शनिवार नवमी श्राद्ध
08 अक्टूबर 2023, रविवार दशमी श्राद्ध
09 अक्टूबर 2023, सोमवार एकादशी श्राद्ध
10 अक्टूबर 2023, मंगलवार मघा श्राद्ध
11 अक्टूबर 2023, बुधवार द्वादशी श्राद्ध
12 अक्टूबर 2023, गुरुवार त्रयोदशी श्राद्ध
13 अक्टूबर 2023, शुक्रवार चतुर्दशी श्राद्ध
14 अक्टूबर 2023, शनिवार सर्व पितृ अमावस्या



---

# अब खत्म होना चाहिए कावेरी जल विवाद

कावेरी जल बंटवारे को लेकर दषकों से चला आ रहा विवाद अब थम जाना चाहिए। दरअसल शीर्ष न्यायालय ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और कावेरी जल नियमन समिति के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया है, जिसमें कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए प्रतिदिन पांच हजार घन मीटर पानी देने की बात कही गई है। तमिलनाडु ने राज्य में सूखे के कारण 7200 घन मीटर पानी मांगा था। समिति ने उसकी मांग को उचित तो माना लेकिन दूसरे राज्यों में जल समस्या का ध्यान रखते हुए पानी की मात्रा घटाकर पांच हजार घन मीटर कर दी है। यही फैसला कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने भी दिया था। तमिलनाडु ने इस निर्णय पर सहमति जता दी है, लेकिन कर्नाटक में इस निर्णय के विरुद्ध असंतोष पनपने के साथ विरोध प्रदर्शन भी षुरू हो गए है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है। दरअसल कर्नाटक सरकार ने जिस असंतोष और विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्र के समक्ष मामला दखल के लिए उठाया है, उससे लगता है कि विवाद तत्काल खत्म होने वाला नहीं है। कर्नाटक और तमिलनाडू के बीच कावेरी नदी जीवनरेखा मानी जाती है। कावेरी दोनों राज्यों के करोड़ों लोगों के लिए वरदान है, लेकिन निहित राजनैतिक स्वार्थों के चलते कर्नाटक और तमिलनाडू की जनता के बीच केवल अगजनी और हिंसा के ही नहीं, सांस्कृतिक टकराव के हालात भी उत्पन्न होने के आसार नजर आने लगे हैं। सनातन भारतीय संस्कृति में पानी पिलाना पुण्य का श्रेश्ठ काम माना जाता है। दरअसल तमिलनाडू में इस साल कम बारिष होने के कारण पानी की जबरदस्त किल्लत है। कम बारिष के कारण राज्य में चालीस हजार एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो रही है, इसलिए उसे कृशि और किसानों की आजीवका के लिए तुरंत पानी की जरूरत है। इसी जरूरत के मद्देनजर पांच हजार घन मीटर पानी देने का फैसला दिया गया। लेकिन कर्नाटक इतना पानी देने को भी तैयार नहीं है। भारत में नदियों के जल का बंटवारा, बांधों का निर्माण और राज्यों के बीच उसकी हिस्सेदारी एक गंभीर व अनसुलझी रहने वाली समस्या बनी हुई है। इसका मुख्य कारण है, नदी जैसे प्राकृतिक संसाधन के समुचित व तर्कसंगत उपयोग की जगह राजनीतिक सोच से प्रेरित होकर नदियों के जल का दोहन करना है। कर्नाटक में जल विवाद के सामने आते ही इस मुद्दे पर लड़ाई जीतने के लिए राजनीतिक दल और किसान संगठन एक राय हो जाते हैं। दावा किया जा रहा है कि तमिलनाडू के किसान एक साल में तीन फसल उगा रहे हैं, जबकि कर्नाटक के पास एक फसल के लिए भी पानी कम पड़ता है। ऐसे में तमिलनाडू को पानी देना कैसे संभव है ? ऐसी ही एकपक्षीय धारणाओं की वजह से कर्नाटक -तमिलनाडु के बीच कावेरी जल विवाद 124 साल से स्थाई समस्या बना हुआ है। दक्षिण भारत की गंगा मानी जाने वाली कावेरी नदी कर्नाटक तथा उत्तरी तमिलनाडु में बहने वाली जीवनदायी सदानीरा नदी हैं। यह पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरी पर्वत से निकली है। यह 800 किलोमीटर लंबी हैं। इसके आसपास के दोनों राज्यों के हिस्सों में खेती होती है। तमिल भाषा में कावेरी को 'पोन्नी' कहते हैं। पोन्नी का अर्थ सोना उगाना है। दोनों राज्यों की स्थानीय आबादी में ऐसी लोकमान्यता है कि कावेरी के जल में धूल के कण मिले हुए हैं। इस लोकमान्यता को हम इस अर्थ में ले सकते हैं कि कावेरी के पानी से जिन खेतों में सिंचाई होती है, उन खेतों से फसल के रूप में सोना पैदा होता है। इसीलिए यह नदी कर्नाटक और तमिलनाडु की कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूलाधार है। ब्रह्मगिरी पर्वत कर्नाटक के कुर्ग क्षेत्र में आता है, जो कर्नाटक के अस्तित्व में आने से पहले मैसूर राज्य में था। यहीं से यह नदी मैसूर राज्य को सिंचित करती हुई दक्षिण पूर्व की ओर बहती हुई तमिलनाडू में प्रवेष करती है और फिर इस राज्य के बड़े भू-भाग को जल से अभिसिंचित करती हुई बंगाल की खाड़ी में गिरती है। 1892 व 1924 में मैसूर राज्य व मद्रास प्रेसीडेंसी ;वर्तमान तमिलनाडु के बीच जल बंटवारे को लेकर समझौते हुए थे। आजादी के बाद मैसूर कर्नाटक में विलय हो गया। इसके बाद से कर्नाटक को लगने लगा कि मद्रास प्रेसिडेंसी पर अंग्रेजों का प्रभाव अधिक था, इसलिए समझौता मद्रास के पक्ष में किया गया है। लिहाजा वह इस समझौते को नहीं मानता है। जबकि तमिलनाडु का तर्क है कि पूर्व समझौते के मुताबिक उसने ऐसी कृशि योग्य भूमि विकसित कर ली है, जिसकी खेती कावेरी से मिलने वाले सिंचाई हेतु जल के बिना संभव ही नहीं है। इस बावत 1986 में तमिलनाडु ने विवाद के निपटारे के लिए केंद्र सरकार से एक ट्रिब्यूनल बनाने की मांग की। नदी विवाद जल अधिनियम के तहत 1990 में ट्रिब्यूनल बनाया गया। इस ट्रिब्यूनल ने कर्नाटक को आदेश दिया कि तमिलनाडु को 419 अरब क्यूसेक फीट पानी, केरल को 30 अरब तथा पांडिचेरी को 2 अरब क्यूसेक पानी दिया जाए। किंतु कर्नाटक सरकार ने इस आदेश को मानने से इनकार करते हुए कहा कि इस पानी पर हमारा पूरा हक है, इसलिए हम पानी नहीं देंगे। कर्नाटक का तर्क है कि अंग्रेजों के शासनकाल में कुर्ग मैसूर रियासत का हिस्सा था, और तमिलनाडु मद्रास प्रेसीडेंसी के रूप में फिरंगी हुकूमत का गुलाम था। गोया, 1924 के फैसले को सही नहीं ठहराया जा सकता है। हालांकि अभी भी ट्रिब्यूनल के इसी फैसले और अदालत के दबाव में कर्नाटक मजबूरीवश तमिलनाडु को पानी दे रहा है, लेकिन उसकी पानी देने की मंशा कतई नहीं है। यह पानी कर्नाटक में कावेरी नदी पर बने कृष्ण-राजा सागर बांध से दिया जाता है। जबकि तमिलनाडु कावेरी के पानी पर ज्यादा हक की मांग इसलिए करता है, क्योंकि कावेरी का 54 प्रतिशत बेसिन इलाका उसके क्षेत्र में है। कर्नाटक में बेसिन क्षेत्र 42 प्रतिशत है। इसी आधार पर प्राधिकरण ने तमिलनाडु को कावेरी के 58 प्रतिशत पानी का हकदार बताया था। लेकिन कर्नाटक केवल एक हजार टीएमसी पानी देने को तैयार है। दरअसल, भारत में नदियों के जल बंटवारे और बांधों की ऊंचाई से जुड़े अंतरराज्जीय जल विवाद अब राज्यों की वास्तविक जरूरत के बजाय सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के साथ वोट बैंक की राजनीति का षिकार होते जा रहे हैं। इसीलिए जल विवाद केवल कावेरी नदी से जुड़ा इकलौता विवाद नहीं है, बल्कि कई और भी विवाद इसी तरह दष्कों से बने चले आ रहे हैं। तमिलनाडू व केरल के बीच मुल्ला पेरियार बांध की ऊंचाई को लेकर भी विवाद गहराया हुआ है। तमिलनाडू इस बांध की ऊंचाई 132 फीट से बढ़ाकर 142 फीट करना चाहता है, वहीं केरल इसकी ऊंचाई कम रखना चाहता है। इस परिप्रेक्ष्य में केरल का दावा है कि यह बांध खतरनाक है, इसीलिए इसकी जगह नया बांध बनना चाहिए। जबकि तमिलनाडू ऐसे किसी खतरे की आषंका को सिरे से खारिज करता है। गौरतलब है कि पेरियार नदी पर बंधा यह बांध 1895 में अंग्रेजों ने प्रेसिडेंसी को 999 साल के पट्टे पर दिया था। जाहिर है, अंग्रेजों ने अपने शासन काल में अपनी सुविधा और जरूरत के मुताबिक बांधों का निर्माण व अन्य विकास कार्य किए। लेकिन स्वतंत्र भारत में उन कार्यों, फैसलों और समझौतों की राज्यों की नई भौगोलिक सीमा और उस समय राज्य में रहने वाली जनता की सुविधा व जरूरत के हिसाब से पुर्नव्याख्या करने की जरूरत है। क्योंकि अब राज्यों के तर्क वर्तमान जरूरतों के हिसाब से सामने आ रहे हैं। इस लिहाज से केरल का तर्क है कि इस पुराने बांध की उम्र पूरी हो चुकी है, लिहाजा यह कभी भी टूटकर धराशायी हो सकता है। अब इस आशंका की तकनीकी समीक्षा हो और अगर शंका निर्मूल है तो जनता को जागरूक करने की जरूरत है। इस परिप्रेक्ष्य में तमिलनाडू की षंका है कि केरल जिस नए बांध के निर्माण का प्रस्ताव रख रहा है, तो यह जरूरी नहीं कि वह तमिनाडू को पूर्व की तरह पानी देता रहेगा। इसलिए प्रस्ताव में दोनों राज्यों के हितों से जुड़ी षर्तों का पहले अनुबंध हो, तब बांध को तोड़ा जाए। केरल के सांसदों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन से भी इस मुद्दे में हस्तक्षेप की अपील की है। इन विवादों के चलते इस मसले का भी निवारण नहीं हो पा रहा है। इसी तरह पांच नदियों वाले प्रदेष पंजाब में रावी व ब्यास नदी के जल बंटवारे पर पंजाब और हरियाणा पिछले कई दष्कों से अदालती लड़ाई लड़ रहे हैं। इनके बीच दूसरा जल विवाद सतलुज और यमुना लिंक का भी है। प्रस्तावित योजना के तहत सतलुज और यमुना नदियों को जोड़कर नहर बनाने से पूर्वी व पष्चिमी भारत के बीच अस्तित्व में आने वाले जलमार्ग से परिवहन की उम्मीद बढ़ जाएगी। इस मार्ग से जहाजों के द्वारा सामान का आवागमन षुरू हो जाएगा। मसलन सड़क के समानांतर जलमार्ग का विकल्प खुल जाएगा। हरियाणा ने तो अपने हिस्से का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है, लेकिन पंजाब को इसमें कुछ नुकसान नजर आया तो उसने विधानसभा में प्रस्ताव लाकर इस समझौते को ही रद्द कर दिया। लिहाजा अब यह मामला भी अदालत में है। इसी तरह कर्नाटक, महाराष्ट्र और गोवा राज्यों के बीच महादयी नदी के जल बंटवारे को लेकर दशकों से विवाद गहराया हुआ है। गौरतलब है कि न्यायाधीश जेएम पंचाल व महादयी नदी जल ट्रिब्यूनल ने तीनों राज्यों को सलाह दी है कि जल बंटवारे का हल परस्पर बातचीत व किसी तीसरे पक्ष के बिना हस्तक्षेप के सुलझाएं। यह मसला सुलझता है या नहीं यह तो बातचीत के नतीजे सामने आने के बाद पता चलेगा ? महत्वाकांक्षी नदी जोड़ो परियोजना में इन विवादों के स्थाई हल की उम्मीद की गई थी, लेकिन यह परियोजना भी पिछले दो दषकों में अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी। बहरहाल अंतरराज्जीय जल विवादों का राजनीतिकरण इसी तरह होता रहा तो देष की जीवनदायी नदियों में कावेरी की तरह आग लगना तय है।

**-प्रमोद भार्गव,**
**लेखक/ पत्रकार**

# आध्यात्मिक सत्संग में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का किया स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने दो दिन की देहरादून यात्रा के दूसरे दिन आध्यात्मिक सत्संग के साथ साथ नामदान की दात दी। कार्यक्रम के दूसरे दिन मानव केन्द्र में सत्संग से पहले पिता–परमेश्वर को पाने के लिए अंदर से जागृत होना होगा। एक इंसान होने के नाते हम अपने जीवन का अधिकतर समय और प्रयास इस दुनिया की बाहरी गतिविधियों में ही खर्च कर देते हैं। मन–इद्रियां के घाट पर जीते हुए हम यह विश्वास करते हैं कि इस भौतिक दुनिया आत्मा पर मन, माया और भ्रम से घिरी हुई है और अपने भीतर छुपे हुए खजानों से अनजान है। संत कबीर साहब जी हमें समझा रहे हैं कि हे आत्मा तु इस गहरी नींद से जाग और अपना समय पिता–परमेश्वर की प्यार भरी मीठी याद में व्यतीत कर। पिता–परमेश्वर ने हमें उठती है और जागृत अवस्था में पहुंच जाती है। हमें अपने ध्यान को अंतर्मुख कर ज्यादा से ज्यादा समय ध्यान–अभ्यास में देना होगा। हमारे अंदर प्रेम, शांति और सौंदर्य के दिव्य खजानें छुपे हुए हैं, जिन्हें हम पवित्र नाम और शब्द के साथ जुड़ प्राप्त कर सकते हैं। जब





उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत जी ने महाराज जी का फूलों का देकर स्वागत किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।अपने प्रवचन में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने संत कबीर साहब की वाणी की व्याख्या करते हुए आत्मा को जागृत करने के बारे में बताया।उन्होंने अपनी दिव्यवाणी में समझाया कि हमें अपने जीवन के परम ध्येय अपने आपको जानना और और उसके कार्य ही हमारे जीवन में सब कुछ हैं लेकिन वास्तविकता में हम एक आत्मा हैं जो पिता–परमेश्वर के प्रेम और प्रकाश से भरपूर है। आगे महाराज जी ने कहा कि संत कबीर साहब हमें समझा रहे हैं कि हम अपने मूल स्वरूप जोकि आत्मा को पहचानें और जागृत अवस्था को प्राप्त करें। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने फरमाया कि इस समय हम सब एक गहरी नींद में सोय हुए हैं। हमारी इस धरती पर अपने जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भेजा है लेकिन हम अपने लक्ष्य को भूल चुके हैं। हम इस गहरी नींद से कैसे जाग सकते हैं? जब हम एक पूर्ण सत्गुरु से नामदान की दीक्षा प्राप्त करके अपना समय ध्यान–अभ्यास में देते हैं तो हमारी आत्मा पिता–परमेश्वर की ज्योति और श्रुति का अनुभव करती है। जब हमें यह अनुभव होता है तो हमारी आत्मा खिल हम ऐसा करते हैं तो हम धीरे–धीरे अपने जीवन के लक्ष्य की ओर बढ़ने लग जाते हैं। सत्संग के पश्चात संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने हजारों की संख्या में उपस्थित भाई–बहनों को अपनी दयामेहर कर नामदान की अमूल्य दात दी। उन्होंने नामदान के समय लोगों को प्रभु की ज्योति व श्रुति की दो बैठकों में बिठाया तथा उनके बीच जाकर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

# भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिन्दी पखवाड़ा संपन्न

देहरादून (उद संवाददाता)। भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिंदी पखावाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अरुण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून मुख्य अतिथि थे। महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. अरुण सिंह रावत ने विगत वर्षों में परिषद में हिंदी में काम काज में हुई सराहनीय वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि भा.वा.अ.शि.प. के 'ग' क्षेत्र स्थित सभी संस्थानों ने राजभाषा के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है 'क' क्षेत्र स्थित संस्थान लक्ष्य के काफी करीब हैं।उन्होंनें कहा कि हमारा लक्ष्य केवलभारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति ही नहीं बल्कि यह हमारा नैतिक दायित्व भी है कि हमहिन्दी मेंअधिक से अधिक कार्य करें।इस अवसर पर उन्होनेंराजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतुपरिषद् के 'क' क्षेत्र स्थित संस्थानों में भा.वा.अ.शि.प.– हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान,



शिमला एवं'ग' क्षेत्र स्थित संस्थानों में भा.वा.अ.शि.प.– वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर को पुरस्कार प्रदान किया। महानिदेशक ने परिषद में पखवाड़े के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में कार्मिकों कीभागीदारी की सराहना की और कहा कि हिंदी के प्रति यही उत्साह हमें सम्पूर्ण वर्ष के दौरान कायम रखना है। उन्होने पखवाड़े के दौरान आयोजित हुई नौ प्रतियोगिताओं के 49 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।इस अवसर पर हिंदी के कार्यान्वयन में उत्तरोत्तर प्रगति मेंमहानिदेशक महोदय के मार्गदर्शन एवं योगदान के लिए हिंदी प्रकोष्ठ की तरफ सेडॉ. सुधीर कुमार, उपमहानिदेशक (विस्तार) द्वारा सम्मानस्वरूप शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार, उपमहानिदेशक (विस्तार) ने स्वागत भाषण के दौरान राजभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण देते हुए बताया कि इस वर्ष हिन्दी पखवाड़ा के दौरान कुल 9 प्रतियोगिताएं यथा, टिप्पण लेखन, शब्द संधान, निबंध, अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद, वाद–विवाद, राजभाषा हिन्दी प्रश्नोत्तरी, कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण, अंत्याक्षरी एवं स्वरचित हिन्दी काव्यपाठ आयोजित की गईं, जिनमें कुल 98 प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। उन्होंने सूचित किया कि भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कारों के अंतर्गतवर्ष 2022–23 के दौरान अपने शासकीय कार्यों में हिन्दी क्रियान्वयन में समग्र प्रदर्शन हेतु भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के 09 कार्मिकों एवं 03 संविदाकर्मियों को राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

## पेज एक का शेष...

**धार्मिक जुलूसों पर रोक............**नगर क्षेत्र के भीतर बाधित करके बाहरी क्षेत्र बाईपास आदि से निकलता है। जिस कारण महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों में कुछ बीमार व्यक्तियों को परेशान होकर पैदल यात्रा करनी पड़ती है । जिस धर्म का भी जुलूस निकलता है अक्सर उसमें कुछ लोग धार्मिक परंपरा की आड़ में शक्ति प्रशिक्षण करते हुए धार्मिक वेमनस्यता बढ़ाने का काम भी करते है । जिसमें धार्मिक माहौल खराब होने की संभावनाएं भी बनी रहती हैं । उन्होंने पत्र में सभी लोगों से अपील करते हुए इस पर विचार करने की मांग रखी है।

**आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का.........**विशेषज्ञ, डॉ. पुनीत बंसल जनरल सर्जन , डॉ .सुरेश अरोड़ा स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर से डॉक्टर अंजनी कुमार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अंजू गिरी महिला चिकित्सक, डॉ. विकास सचान चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आ. रबीएसके) द्वारा रोगियों की जांच की गई। आयुष्मान स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान मित्र सावेज द्वारा आयुष्मान कार्ड एवम श्रीमती लीला शाह द्वारा आभा आईडी बनाई गई। शिविर में अंगदान एवं रक्तदान हेतु पंजीकरण का कार्य भी किया गया। आयुष्मान स्वास्थ्य मेले में आरकेएसके काउंसलर श्रीमती राधा मिगलानी, परिवार कल्याण काउंसलर श्रीमती किरण जोशी, टीवी कार्यक्रम से नीरज बघेल एवं कविंद्र प्रसाद तथा आरबीएसके कार्यक्रम से अतीश कालरा एवं स्टाफ नर्स विमला द्वारा प्रतिभाग किया गया । कार्यक्रम के अंत में टीवी रोगियों को निक्षय मित्र गुंजन सुखीजा, नरेश हुडिया, मंडल अध्यक्ष सुरेश सुराना एवं मनोज कक्कड़ द्वारा एक माह हेतु पौष्टिक आहार भी वितरित किया गया। गुंजन सुखीजा द्वारा अधिक से अधिक लोगो द्वारा निक्षय मित्र बनने का आह्वान किया गया एवम शिविर का अधिक से अधिक उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

**महिला को रूपयों का लालच...........**रुपये ट्रान्सफर कराये गये। इसके उपरान्त और पैसे जमा कराने को कहने लगे। तब उसकी पत्नी को पता लगा कि उसके साथ पैसे का लालच देकर ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 548121 रुपये हड़प लिये गये। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जंगल में मृत मिले............**दृष्टया माना जा रहा है कि बंदरों ने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया है, जिसकी वजह से सभी बंदरों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस और वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। हर्रावाला पुलिस चौकी इंचार्ज कमलेश गौर ने बताया कि करीब 16 बंदर मृत अवस्था में मिले हैं। एक बंदर जिंदा था जिसे रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने बताया कि मृत बंदरों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। काफी संख्या में मृत बंदरों की सूचना मिलने पर हिंदू संगठनों के लोग भी मौके पर पहुंच गए। वन विभाग के अधिकारी भी मामले की जांच कर रहे हैं।

**बदमाशों ने घर लौटते ..........**कर फैक दिया। युवक का आरोप है बदमाशों ने उससे 2470 रूपये की नगदी, मोबाइल और बैग आदि छीन लिया। वह किसी तरह वह उनके चंगुल से छूटकर आया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस को जनता के प्रति..........**का व्यवहार तथा उनका दायित्व है कि उनके बच्चे का साथ कैसा है, किन–किन लोगों के साथ है तथा स्कूल कालेजों की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। डा. रावत ने कहा कि उत्तराण्ड के हर जनपद में एन्टी ड्रग्स टास्ट फोर्स का गठन किया गया है जिसका कार्य सिर्फ नशे के खिलाफ कार्रवाई करना है। डीआईजी ने अवगत कराया कि इस सैल को और अधिक एक्टिव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि साईबर क्राईम उत्तराखण्ड का ही नहीं बल्कि आधुनिक युग में सम्पूर्ण विश्व के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। नये नये तरीकों से साईबर फ्राड हो रहे है। इसको रोकने का सबसे अच्छा तरीका है जागरुकता समाज को साईबर क्राईम के प्रति जागरुक होना पडेगा। डीआईजी ने कहा कि हल्द्वानी में यातायात की समस्या है जिसे कई विभागों के साथ मिलकर संयुक्त रुप से ठीक किया जा सकता है। फिलहाल यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से चालाने के लिए दो प्रकार की योजना बनायी जायेगी।शार्ट टर्म समाधान जिसके अन्तर्गत कही कट खोलने है कहीं बंद करने है, अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा है तो उन पर कार्यवाही आदि। लॉग टर्म समाधान में जिसके अन्तर्गत आने वाले 4– 5 सालों बाद जाम से निजात मिलेगा ( जैसे सडकों का चौडीकरण, पार्किंग का विस्तार, फुट ओवर ब्रिज का निर्माण आदि। अंत में पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि जनहित में जो भी कार्य होगे किये जायेगे।

**ज्वेलर्स लूटकांड के दो...........**ने लोकेश के साथी को गिरफ्तार कर लिया था और उसके साथी ने बताया था कि लोकेश दिल्ली में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने गया है। इसके बाद मध्य प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। आरोपी लोकेश व उसका साथी आंध्र प्रदेश में भी चोरी की बड़ी वारदात करके कर आए थे। आंध्र प्रदेश पुलिस मध्य प्रदेश पहुंची थी। इसके बाद इन दोनों के बारे में खुलासा हुआ था। मध्य प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। उसके बाद दिल्ली पुलिस इस चोरी की इस सबसे बड़ी वारदात का खुलासा कर सकी।

# सूर्य मंदिर में चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। परियोजना प्रबन्धक, डी०आर०डी०ए०/स्वजल पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2023 के अन्तर्गत विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में कटारमल सूर्य मंदिर अल्मोड़ा में वृहत् स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय कटारमल, जूनियर हाईस्कूल कटारमल के विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, ग्रामवासियों, विभिन्न विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कटारमल के मुख्य द्वार से सूर्य मंदिर तक स्वच्छता रैली संचालित की



गयी, जिसमें प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता संदेश एवं नारों के माध्यम से क्षेत्रान्तर्गत जन–जागरूकता की गयी। स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत कटारमल सूर्य मंदिर परिसर में समस्त उपस्थित प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी तथा कटारमल सूर्य मंदिर परिसर के आस–पास वृहत् स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा मंदिर परिसर एवं कटारमल क्षेत्र के आस–पास के क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर जिला पंचायत एवं विकासखण्ड स्तर पर संचालित कूड़ा वाहनों से उपचार हेतु भेजा गया। कार्यक्रम में जिला पर्यटन अधिकारी, ग्राम प्रधान कटारमल, खण्ड विकास अधिकारी हवालबाग के अतिरिक्त जिला पंचायत, स्वजल विकास खण्ड कार्यालय, समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, एन०आर०एल०एम० एवं पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों तथा क्षेत्रवासियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# वर्षा जल को चेकडैम बनाकर जल संग्रहण किया जाये : सीएस

देहरादून(उद संवासददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में वर्षा जल संग्रहण के सम्बन्ध में बैठक लेकर कहा कि प्रदेश में वर्षाकाल में अत्यधिक वर्षा होती है, परन्तु बाकी समय पर पानी की समस्या रहती है। उन्होंने कहा कि रिवर एंड स्प्रिंग रिजूवनेशन के लिए बनाई जा रही अथॉरिटी अथवा एजेंसी के उद्देश्यों में अधिकतम संख्या में चेकडैम तैयार किए जाने को शामिल किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि वर्षा जल को चेकडैम आदि के माध्यम से रोक कर जल संग्रहण किया जा सकता है, जिससे वर्षभर पानी की उपलब्धता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि जल स्रोत से उत्तराखण्ड की सीमा तक सभी नदियों का मास्टर प्लान तैयार किया जाए।मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य जल



संरक्षण की योजना तैयार की जाए, जिस पर चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल की कमी को दूर करने में यह प्रदेश की 70 प्रतिशत से अधिक वन भूमि महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे प्रदेश के अधिकतम भूभाग के जल स्रोत रिचार्ज होंगे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री अरविंद सिंह ह्यांकी एवं जलागम प्रबंधन से श्रीमती नीना ग्रेवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर महिला ने ठगे 17 लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

देहरादून। महिला ने खुद को सचिवालय कर्मी बताकर सचिवालय में नौकरी लगाने और विभागों में वाहन किराये पर लगाने का झांसा देकर कई सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों से 17 लाख 11 हजार रुपये ठग लिए। प्रत्येक पीड़ित ने महिला को करीब 50 हजार रुपये दिए हैं। पीड़ितों की संख्या 34 या उससे अधिक हो सकती हैं। हालांकि पुलिस अभी और पीड़ितों के सामने आने का इंतजार कर रही है। रायपुर थाना पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। राकेश चंद्र निवासी शिमला बाईपास ने रायपुर थाना पुलिस को बताया कि नवंबर 2022 के दौरान पुष्पा शाह निवासी चूना भट्ठा अधोईवाला रायपुर ने उनसे कहा कि वह एक बड़े एनजीओ में काम करती हैं। साथ ही वह सचिवालय में भी कार्यरत है। सचिवालय में उसके अधीन उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड (उपनल), सिक्योरिटी कंपनियां और ट्रांसपोर्ट का काम भी है। महिला ने झांसा दिया कि वह सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके आश्रितों को रोजगार दिलाती है, पिछले 15 सालों से वह यह काम कर रही है। नौकरी के लिए प्रत्येक व्यक्ति से 50 हजार रुपये की धनराशि सिक्योरिटी मनी के रूप में जमा करवाई जाती है। महिला ने कहा कि इस धनराशि से संबंधित व्यक्ति का पंजीकरण होता है। तीन महीने में अगर नौकरी नहीं मिली तो धनराशि वापस कर दी जाती है। महिला के झांसे में आकर राकेश चंद्र के साथ कई पूर्व सैनिकों ने रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए महिला को 17 लाख 11 हजार रुपये दे दिए, लेकिन किसी की भी नौकरी नहीं लगी। पिछले नौ महीने से महिला का फोन भी बंद आ रहा है। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि आरोपित पुष्पा शाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गुरू माँ उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू माँ

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac

Premium Split Ac

Mid-Range Split Ac

Heavy-Duty Split Ac

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 879189500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000